>

Title: Regarding irregularities in retail centre of oil companies.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत धन्यवाद करती हूं। देश में तेल विपणन कंपनियों के अंतर्गत चल रही खुदरा बिक्री केंद्रों में अनेक तरह की अनियमितताएं हो रही हैं। लोग इसकी शिकायत भी करते हैं। सांसदों द्वारा समय-समय पर अनियमितताओं एवं कदाचारों को रोकने के लिए कार्रवाई भी होती है। तेल कंपनियों द्वारा अनेक नियम बनाए हुए हैं लेकिन इसके बावजूद तेल विपणन कंपनियों के अंतर्गत चल रही खुदरा बिक्री केंद्र में अनियमितताएं और कदाचार हो रहा है। सिलेंडरों में कम गैस और समय पर गैस की आपूर्ति नहीं होती है। सिलेंडरों की कालाबाजारी और खुदरा बिक्री केंद्रों में धांधली हो रही है। उसकी जानकारी उन पर नियंत्रण करने वाले अधिकारियों को होती है परंतु उनके साथ मिलीभगत होने के कारण खुदरा बिक्री केंद्र के खिलाफ शिकायत नहीं की जाती है। शिकायत उन खुदरा बिक्री केंद्रों के खिलाफ होती है जो अधिकारियों के सेवा नहीं करते हैं।

मुझे बड़े खेद के साथ सदन में कहना पड़ रहा है कि कंपनियों के भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा कंपनियों के नियमों को उल्लंघन हो रहा है। धन्यवाद।